

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## दैनिक विवरणिका

मंगलवार, दिनांक–28 मार्च, 2023 ई०।

संख्या–17

**माननीय अध्यक्ष श्री अवध विहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:50 बजे अपराह्न तक।**

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही आसन की अनुमति से माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर सरकार से जवाब की मांग की गयी।

तदुपरान्त माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा एवं श्री सत्यदेव राम ने भी अपनी–अपनी मांगों को रखा।

आसन द्वारा माननीय सदस्यों से अपील की गयी कि सदन अब समापन की ओर अग्रसर है। अभी प्रश्नकाल, शून्यकाल एवं अन्य विशेष कार्य सूचीबद्ध है, अतः सदन को सुचारू रूप से चलने दिया जाय।

**[1] प्रश्नकाल :–**

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
(ii) 04 अल्पसूचित प्रश्न अनागत।
(iii) 07 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(iv) 160 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या–2615 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा माननीय मंत्री को अपने स्तर से जांच कराकर समुचित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री जनक सिंह, श्री कुंदन कुमार एवं श्री मोती लाल प्रसाद द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

**[3] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

(i) श्रीमती मंजु अग्रवाल
(ii) श्री राम चन्द्र प्रसाद
(iii) श्रीमती प्रतिमा कुमारी
(iv) श्री ललन कुमार
(v) श्री इजहारूल हुसैन
(vi) श्रीमती रेखा देवी
(vii) श्री अनिल कुमार
(viii) श्री राजेश कुमार सिंह
(ix) श्री मुकेश कुमार यादव
(x) श्रीमती भागीरथी देवी
(xi) श्री ललित नारायण मंडल
(xii) श्री मोहम्मद अनजार नईमी
(xiii) श्री अजीत कुमार सिंह
(xiv) श्रीमती गायत्री देवी
(xv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xvi) श्री मोती लाल प्रसाद
(xvii) श्री राजीव कुमार सिंह
(xviii) श्री निरंजन राम
(xix) श्री अचमित ऋषिदेव
(xx) श्री छत्रपति यादव
(xxi) श्री विजय कुमार
(xxii) श्री रामबली सिंह यादव
(xxiii) श्री रामवृक्ष सदा
(xxiv) श्री अखतरूल ईमान
(xxv) श्री राम रतन सिंह
(xxvi) श्री राम विशुन सिंह
(xxvii) श्री मिश्री लाल यादव
(xxviii) श्री जय प्रकाश यादव
(xxix) श्री मुरारी मोहन झा
(xxx) श्री कुंदन कुमार
(xxxi) श्री सुर्यकान्त पासवान
(xxxii) श्री अमरजीत कुशवाहा
(xxxiii) श्री बीरेन्द्र कुमार
(xxxiv) श्रीमती रश्मि वर्मा
(xxxv) श्री अरूण सिंह
(xxxvi) श्री मनोज मंजिल
(xxxvii) श्री रणविजय साहू
(xxxviii) श्री गोपाल रविदास
(xxxix) श्री सत्यदेव राम
(xl) श्री विनय बिहारी
(xli) श्री भूदेव चौधरी
(xlii) श्री केदार प्रसाद गुप्ता
(xliii) श्री सुदामा प्रसाद
(xliv) श्री पवन कुमार यादव
(xlv) श्री राजू कुमार सिंह
(xlvi) श्री सुरेन्द्र मेहता

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री नीतीश मिश्रा का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री नीतीश मिश्रा द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री ललित कुमार यादव द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री भाई वीरेन्द्र एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित तथा दिनांक 16.03.2023 एवं 20.03.2023 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री चन्द्र शेखर द्वारा समय की मांग की गयी।

(iii) माननीय सदस्य, श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव एवं अन्य सभासदों का विधि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए माननीय प्रभारी मंत्री, विधि विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा समय की मांग की गयी।

**[5] सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना :–**

माननीय सभापति, शून्यकाल समिति, श्री नीतीश मिश्रा द्वारा शून्यकाल समिति का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित 96वाँ प्रतिवेदन, पंचायती राज विभाग से संबंधित 97वाँ प्रतिवेदन, कला संस्कृति एवं युवा विभाग से संबंधित 98वाँ प्रतिवेदन, ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित 99वाँ प्रतिवेदन एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 100वाँ प्रतिवेदन की एक–एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 02:24 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[6] विधायी कार्य – राजकीय विधेयक :–**

**बिहार नौकाघाट बन्दोबस्ती एवं प्रबंधन विधेयक, 2023**

माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री आलोक कुमार मेहता द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य, श्री जनक सिंह द्वारा विधेयक के सिद्धान्त पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा अपना पक्ष रखा गया।

माननीय सदस्य, श्री जनक सिंह द्वारा जनमत जानने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा अपना पक्ष रखा गया। प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ।

विधेयक पर विचार की स्वीकृति उपरान्त खंडशः विचार के क्रम में माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी का खंड–4, 6 एवं, 7 में संशोधन का प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा सभी खंड बारी–बारी से विधेयक के अंग बने।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया।

तदुपरान्त **"बिहार नौकाघाट बन्दोबस्ती एवं प्रबंधन विधेयक, 2023"** सदन से स्वीकृत हुआ।

**[7] आसन की सूचना :–**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया बिहार विधान परिषद में सुरक्षा प्रहरी के पद पर कार्यरत शिवानी कुमारी ने पूणे में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स चैंम्पियनशिप, 2022–23 के 1500 मीटर स्पर्धा में गोल्ड मेडल एवं दिनांक 26.03.2023 को 800 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। उनके इस प्रदर्शन के लिए आसन एवं सम्पूर्ण सदन की ओर से उन्हें धन्यवाद दिया गया एवं उनके उज्जव भविष्य की कामना की गयी।

**[8] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 33 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक–31 मार्च, 2023 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना

दिनांक–28.03.2023

**पवन कुमार पाण्डेय**

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना।